nt>

Title: Need to declare Ferozabad in Uttar Pradesh as a Telecom district- Laid.

श्री रामजीलाल सुमन (फिरोजाबाद): अध्यक्ष महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र फिरोजाबाद (उत्तर प्रदेश) टेलीकोम जिले की दृटि से दो जिलों में विभक्त है, जिससे उपभोक्ताओं को अत्यधिक परेशानी होती है, आगरा जनपद में 6 वी.टी.एस. (बेसिक ट्रोसमिशन सिस्टम) हैं, जिनकी क्षमता बढ़ाए जाने की आवश्यकता है। कागारौल में 500 लाइन का वी.टी.एस. लगा हुआ है, जिसके लिए 500 और अतिरिक्त लाइन का विस्तार होना था, लेकिन उसकी स्वीकृति नहीं दी गयी। जगनेर में वी.टी.एस. की अत्यधिक आवश्यकता है लेकिन यह स्वीकृत ही नहीं हुआ। जगनेर में 300 टेलीफोन उपभोक्ताओं की प्रतीक्षा सूची है, जिसमें और वृद्धि की संभावना है। ग्रामीण अंचल में पंचायतों को जो टेलीफोन दिए गए थे, वे अर्थहीन हो गए हैं, एम.ए.आर.आर. टेलीफोन खराब पड़े हैं। डब्ल्यू.एल.एल. टेलीफोन लगाए जाने हेतु एंटीना की अत्यधिक कमी है और यह बहुत जल्दी खराब हो जाता है। फिरोजाबाद में भी टेलीफोन प्रतीक्षा सूची लम्बी है, आगरा जनपद के खेरागढ़ विधान सभा क्षेत्र के गांव नौनी, डाडकी, इरादतनगर, मूसलपुर, हंसपुरा, लालपुर, कठूमरी, चाचौंद एवं अन्य गांवों के लोगों ने सन 2000 में ही टेलीफोन कनैक्शन हेतु पैसा जमा कर दिया था लेकिन वे अभी तक इस सेवा से वंचित हैं, यही स्थिति फतेहाबाद विधान सभा क्षेत्र के कांकरपुरा, जगराजपुर, सलेमपुर, धंनगर गांवों की है, वाह विधान सभा क्षेत्र के महुआ-शाला एवं अन्य गांवों के लोग भी दूरभाा से वंचित हैं। सरकार अविलम्ब फिरोजाबाद को टेलीफोन जिला घोाित करे एवं आगरा जनपद में दूरभाा सेवा से वंचित लोगों को टेलीफोन कनैक्शन मुहैया कराये जाने हेतु प्रभावी कदम उठाये।